# युवराज न्यूज़ टुडे

NEWS TODAY Update

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज़

वर्ष : 06 अंक : 08+20 तिथि : 20 मई 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना - 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in


# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## समुदाय विशेष की तालिबानी पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के नेता से कान पकड़कर कराई उठक-बैठक



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




समुदाय विशेष की तालिबानी पंचायत में पहले भारतीय जनता पार्टी के नेता से कान पकड़कर उठक–बैठक कराई गई। घटना का विरोध करने पर दबंगों ने अगले दिन फिर बीजेपी नेता के समर्थकों को पीटा तथा दहशत फैलाने के लिए जमकर फायरिंग की। घटना बिहार के नालंदा जिला अंतर्गत अस्थावां प्रखंड स्थित गिलानी पंचायत की है। लगातार दो दिन की इन घटनाओं के कारण उपजे तनाव को देखते हुए पुलिस इलाके में में कैंप कर रही है।

**बीजेपी नेता की टिप्पणी से उपजी नाराजगी**

नालंदा के अस्थावां प्रखंड के एक बीजेपी नेता अरविंद ठाकुर द्वारा बीते 31 माच को तब्लीगी मरकज के मुखिया मौलाना साद के खिलाफ कथित टिप्पणी की गई थी। बताया जाता है कि अरविंद ठाकुर ने तब्लीगी जमात के मुखया मौलाना साद को जेल भेजने की बात कही थी। इससे गिलानी पंचायत के एक समुदाय विशेष के लोगों में नाराजगी थी।

**पंचायत में कराई उठक–बैठक, मंगवाई माफी**

बीजेपी नेता के बयान के खिलाफ गिलानी में मुखिया ननदे पासवान की अध्यक्षता में पंचायत बैठी। पंचायत द्वारा मुकर्रर सजा के अनुसार अरविंद ठाकुर ने कान पकड़कर उठक–बैठक की तथा पैर छूकर माफी भी मांगी। इसके पहले कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट भी की थी।

**घटना का वीडियो वायरल होने पर मचा हड़कंप**

पंचायत में बीजेपी नेता का उठक–बैठक करते व मांफी मांगते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। घटना को लेकर बीजेपी नेता द्वारा नामजद एफआइआर दर्ज करायी गयी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के इसकी पुष्टि की।

**राजनीतिक रंग भी लेने लगा मामला**

इस बीच मामला राजनीतिक रंग भी लेने लगा है। नालंदा के बीजेपी जिलाध्यक्ष रामसागर सिंह एसपी नीलेश कुमार से मांग की है कि आरोपितों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

**बीजेपी नेता समर्थकों को भी पीटा, फायरिंग**

उधर, बीजेपी नेता के विरोध में खड़े समुदाय में भी आक्रोश है। घटना के दूसरे दिन मंगलवार की शाम बाइक से अपने गांव हरगांवा लौट रहे बीजेपी नेता समर्थक मिथिलेश यादव, मोहन जमादार और मुनचुन पर दूसरे समुदाय के लोगों ने गंदा पानी फेंक दिया तथा विरोध करने पर उनसे मारपीट करते हुए उनकी बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। इस बीच करीब 15 राउंड गोलीबारी की भी बात कही गई है। हालांकि, पुलिस गोलीबारी से इन्कार कर रही है। घटना के बीच तीनों युवक किसी तरह जान बचाकर भागे।

**घटना की एफआइआर दर्ज कराने से नाराजगी**

बीजेपी नेता अरविंद ठाकुर ने बताया कि पंचायत के फैसले के अनुसार उठक–बैठक कराने को ले एफआइआर दर्ज कराने के बाद दूसरे पक्ष में काफी नाराजगी है। इसलिए उनलोगों ने फिर दूसरी घटना कां अंजाम दिया है।

**तनाव को देखते हुए गांव में कैंप कर रही पुलिस**

सूचना मिलने पर डीएसपी संजय कुमार व डीएसपी इमरान परवेज स्थानीय थानाध्यक्ष के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को थाने में बुलाकर शांति समिति की बैठक की। एसपी नीलेश कुमार ने भी हरगांवा गांव पहुंचकर तहकीकात की। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस बीच माहौल में तनाव को देखते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस रात से ही गांव में कैंप कर रही है।

## लॉकडाउन-4 में ऑटो व ई-रिक्शा चलाने का दायरा तय सार्वजनिक परिवहन की गाडियों का परिचालन बिहार में ऑड एवं ईवन के तर्ज पर



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




बिहार सरकार ने मंगलवार को लॉकडाउन–4 में ऑटो व ई–रिक्शा चलाने का दायरा तय कर दिया है। लोगों को आवश्यक कारणों से कहीं आने–जाने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए सार्वजनिक परिवहन की गाडियों का परिचालन बिहार में ऑड एवं ईवन के तर्ज पर होगा। क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक से मंगलवार को यह निर्णय लिया गया। इसी आधार पर परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने सभी जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षकध्पुलिस अधीक्षक को अनुपालन का निर्देश दिए हैं।

परिवहन सचिव ने बताया कि ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा का परिचालन जिला के अंदर ऑड (विषम अंक) एवं ईवन (सम अंक) रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर किया जाएगा। सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को ऑड नंबर के वाहन चलेंगे, जबकि मंगलवार, गुरुवार, शनिवार एवं रविवार को ईवन नंबर के वाहन चलेंगे। ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा में ड्राइवर के अतिरिक्त मात्र दो व्यक्तियों के बैठने की अनुमति होगी।

टैक्सी, कैब, ओला, उबर आदि का परिचालन जिले के अंदर किया जाएगा। ड्राइवर के अतिरिक्त दो व्यक्तियों को बैठाने की अनुमति होगी। जिला के बाहर अंतरजिला परिचालन के लिए जिलाधिकारी द्वारा निर्गत पास या स्पेशल ट्रेन के रेलवे टिकट के आधार पर किया जाएगा। जिले के अंदर विभिन्न मार्गों पर ई रिक्शा, ऑटो रिक्शा, टैक्सी आदि के किराया तय संबंधित जिलाधिकारी द्वारा की जाएगी। जिलाधिकारी शारीरिक दूरी के अनुसार सवारी की संख्या के रिस्ट्रिक्शन को ध्यान में रखकर समुचित भाड़ा तय करेंगे।

**क्या है ऑड–ईवन**

जिस गाड़ी का रजिस्ट्रेशन संख्या का अंतिम अंक 1,2,3,7 और 9 होगा, उसे ऑड (विषम) नबंर कहा जाएगा। जबकि जिस गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर का अंतिम अंक 0,2,4,6 और 8 होगा उसे ईवन (सम) नबंर कहा जाएगा।


**परिवहन सचिव ने दिए हैं ये निर्देश**

बाइक टैक्सी का परिचालन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा
कंटेनमेंट जोन की सीमा में पूर्व से चल रहे प्रतिबंध लागू रहेंगे
जिले के अंदर विभिन्न मार्गों पर ई रिक्शा, ऑटो, टैक्सी आदि के किराया का निर्धारण संबंधित जिलाधिकारी द्वारा किया जाएगा
ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा में ड्राइवर के अतिरिक्त, अधिकतम मात्र दो व्यक्तियों के बैठने की अनुमति होगी
सवारी को लेकर वाहनों के परिचालन में शारीरिक दूरी अपनना अनिवार्य होगा
ड्राइवर एवं यात्री को मास्क पहनना अनिवार्य होगा
वाहन चालक संबंधित वाहन को सेनिटाइज करना सुनिश्चित करेंगे।
स्टैंड पर ऑटो ड्राइवर भीड़ नहीं लगाएंगे
अंतरजिला जाने के ओला–उबर की कर सकते हैं एडवांस बुकिंग
दूसरे राज्यों से बिहार आने वाले लोग रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद ओला, उबर की टैक्सी से घर जा सकेंगे। इसकी ऑनलाइन बुकिंग शुरू की गई है। दिल्ली, मुंबई या अन्य शहरों से आने से पूर्व ही बुकिंग करा सकते हैं। राजधानी स्पेशल ट्रेन से आने वाले यात्रियों को ओला, उबर टैक्सी सुविधा दी जा रही है।

## वैश्विक महामारी कोविड-19 के चलते जीने के तौर-तरीके बदले, दफ्तरों और सार्वजनिक स्थलों में थूकना अब एक दंडनीय अपराध होगा



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,







वैश्विक महामारी कोविड–19 के चलते जीने के तौर–तरीके बदलते जा रहे हैं। सभी सरकारी और निजी कार्यालयों, फैक्टियों, दुकानों और बाजारों में शारीरिक दूरी के नियमों के समुचित पालन के लिए केंद्र सरकार ने कमर कस ली है और कई दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसीलिए कार्मिक मंत्रालय का कहना है कि दफ्तरों और सार्वजनिक स्थलों में थूकना अब एक दंडनीय अपराध होगा।

केंद्र सरकार ने सभी मंत्रालयों को निद. शित किया है कि देश भर में सरकारी और निजी कार्यालयों में पान और गुटखा थूकने पर रोक लगे। कोविड–19 के संक्रमण से बचाव के लिए यह बेहद जरूरी है कि लोग सार्वजनिक स्थलों पर थूकने से परहेज करें।

कार्मिक मंत्रलय को विस्तृत दिशा–निर्देश केंद्रीय गृह मंत्रलय ने जारी किए हैं जिसे उसने सभी मंत्रलयों से साझा किया है। इन दिशा–निर्देशों को जारी करते हुए दफ्तर में आने–जाने और काम करने के नए तौर–तरीकों को विस्तार से बताया गया है। इनका पालन सभी को अनिवार्य रूप से करना होगा। इन दिशा–निर्देशों के मुताबिक कार्यस्थल या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर थूकने पर जुर्माना लगेगा और यह दंड राज्य या केंद्रीय कानूनों के अनुरूप होगा।

इसके अलावा, केंद्र सरकार ने उप सचिव स्तर से नीचे के 50 फीसद कर्मचारियों को दफ्तर में आना शुरू करने को कहा है। इससे पहले, केवल 33 फीसद कर्मचारियों को ही कार्यालय आने की अनुमति थी। 25 मार्च को लॉकडाउन घोषित होने के बाद से केंद्र सरकार ने अपने अधिकांश कर्मचारियों को 'वर्क फ्रॉम होम' करने को कहा था।

**दिशा निर्देशों की सूची**

सभी कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थलों पर सभी का फेस मास्क पहनना अनिवार्य है। जहां तक संभव हो, कर्मचारियों को 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से कार्य) की इजाजत दें। दफ्तरों, दुकानों, फैक्टियों और बाजारों में कामकाज के घंटे सीमित और कई पालियों में रखे जाएं। प्रवेश द्वार और निकासी द्वार और कॉमन क्षेत्रों में थर्मल स्कैनिंग, हैंड वॉश और सैनिटाइजर आदि की व्यवस्था हो।

पूरे कार्यस्थल का समय–समय पर सैनिटाइजेशन कराया जाए। विभिन्न पालियों के बीच में खासतौर पर कॉमन एरिया, और मानव संपर्क में आने वाले क्षेत्रों को सैनिटाइज किया जाए, जैसे दरवाजों के हैंडिल, लिफ्ट आदि।

**दूरी के नियमों का सख्ती से पालन करवाने की जिम्मेदारी होगी**

विभिन्न पालियों के बीच इतना गैप हो कि कर्मचारियों के प्रवेश और निकासी के दौरान शारीरिक दूरी के नियमों का पालन किया जा सके। भोजनावकाश में भी इसका सख्ती से पालन हो।

## लॉकडाउन में नेपाल में फंसे 250 भारतीय लोंगों को सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट के रास्ते रक्सौल भेजा गया



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




लॉकडाउन में नेपाल में फंसे भारतीय मंगलवार को सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट के रास्ते रक्सौल पहुंचे। पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी कपिल अशोक शीर्षत और एसपी नवीनचंद्र झा ने इनका स्वागत किया। मौके पर एसडीओ अमित कुमार, डीएसपी संजय कुमार झा, डीसीएलआर मनीष कुमार बीडीओ कुमार प्रशांत, एसएसबी के अधिकारी राजकुमार कुमावत, प्रभाकर यादव, रक्सौल थानाध्यक्ष अभय कुमार मौजूद थे। अधिकारियों ने नेपाल से आने वाले लोगों को उनके गंतव्य तक भेजने के लिए जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी की। सीमा शुल्क उपायुक्त आशुतोष कुमार, अधीक्षक सुभाष शर्मा, बीके मिश्रा, सतीश कुमार इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने इनकी जांच की। इसके पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शरतचंद्र शर्मा की देखरेख में इनकी स्क्रीनिग की गई। भारत की भूमि पर पहुंचते ही लोगों के चेहरे खिल उठे।

जिलाधिकारी और एसपी ने बताया कि इंडो–नेपाल बॉर्डर काफी संवेदनशील है। नेपाल में फंसे भारतीय लोगों को लाने के लिए दोनों देशों के सरकार स्तर पर वार्ता के बाद लेने और ले जाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। नेपाल में स्थित भारतीय राजदूतावास की पहल पर लोगों को नेपाल ने भारत को सौंपा है। 1400 लोगों का रजिस्ट्रशन है। यह संख्या बढ़ भी सकती है। अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना है। प्रथम दिन पर्सा जिला नेपाल सीडीओ, एसपी गंगा पंत ने 250 लोंगों को सौंपा है। बिहार के विभिन्न जिला और प्रदेश के लोग हैं। जिन्हें सड़क मार्ग से गंतव्य स्थान पर भेजा जाएगा। उक्त लोगों को संबंधित जिला प्रशासन को सौंपना है। जिन्हें स्वास्थ्य जांच के बाद क्वारंटाइन किया जाएगा।

## ग्रीन एंड क्लीन ने शहर के श्रीकृष्ण नगर में सेनेटाइजर का किया छिड़काव



रिंकू गिरी,
संवाददाता




सामाजिक संस्था ग्रीन एंड क्लीन ने वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव के लिए बुधवार को सेनेटाइजेशन का अभियान चलाया। लोगों का हैंड सेनेटाइज कराया और मास्क बांटे।

ग्रीन एंड क्लीन के संस्थापक अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में बुधवार को संस्था के 20 सदस्य एलएनडी कॉलेज के पास एकत्रित हुए। यहां सदस्यों के दो समूह बनाए गए। चार मशीनों के द्वारा श्रीकृष्ण नगर के बड़े हिस्से में सेनेटाइजर का छिड़काव किया गया। इसके अलावा एलएनडी कालेज, डॉ मेजर एबी सिंह, भाजपा विधायक सचिंद्र सिंह, अधिवक्ता जयनारायण सिंह के आवास को भी सेनेटाइज किया गया। मोहल्लावासियों को हैंड सेनेटाइजर उपलब्ध कराया गया और मास्क बांटे गए। इस अभियान में रिटायर शिक्षक अमित सेन, संजय कुमार उर्फ टुन्ना, अर्जुन कुमार, विनोद जायसवाल, विवेक वर्मा, चंचल कुमार, गुड्डू सहारा, अजय वर्मा आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## ब्रावो फाउंडेशन ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को ऑटोमेटिक हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंशर, एन 95 मास्क एवं पी पी ई किट उपलब्ध कराए



सम्राट, संवाददाता




ब्रावो फाउंडेशन ने बुधवार को वैश्विक महामारी कोरोना से लड़ने वाले कोरोना वारियर्स के मदद के लिए जिलाधिकारी को बीस पी पी ई किट, पाँच सौ एन–95 मास्क, दो ऑटोमेटिक हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंशर एवम पुलिस अधीक्षक को चार सौ एन–95 मास्क दो ऑटोमेटिक हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंशर व 20 पी पी ई किट अपने मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र मिश्र बाबा के नेतृत्व में उपलब्ध कराया है।

ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक व ब्रावो फार्मा के चेयरमैन राकेश पांडेय ने बताया है कि साथ ही साथ जिले के सभी प्रखंडों में स्थित संगरोधी केंद्रों पर कवारेन्टीन किये गए प्रवासी व्यक्तियों के लिए चालीस हजार थ्री लेयर मास्क व वहा पर प्रतिनियुक्त सफाईकर्मियों के लिए 200 पी पी ई किट भी देने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

वही श्री पांडेय ने आगे कहा है कि गुरुवार को सदर अस्पताल में भी एक ऑटोमेटिक हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंशर लगा दिया जाएगा साथ वायरल ट्रांसपोर्ट सिस्टम्स(वी टी एस टेस्टिंग किट) भी उपलब्ध करा दिया जाएगा और आगे भी जरूरत के हिसाब से उपलब्ध कराया जाएगा।

ज्ञात हो कि श्री पांडेय अभी लंदन में है और लगातार लॉक डाउन के पहले से ही कोरोना के ईलाज एवम रोकथाम में मदद करते चले आ रहे हैं साथ ही साथ जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री वितरण के अलावा एन एच 28 पर सरोत्तर में प्रवासी लोग जो बिहार आ रहे हैं उनके लिए भोजन भी उपलब्ध करा रहे हैं। फाउंडेशन के नीरज कुमार, जितेंद्र गिरी, वीरेन्द्र प्रसाद साहू, राजेश रंजन, राकेश गुप्ता उपेन्द्र पटेल इत्यादि इस कार्य में लगातार लगे हुए हैं।

## श्रमिक एक्सप्रेस का मोतिहारी स्टेशन के समीप चेनपुलिग कर ट्रेन में सवार 153 श्रमिक भाग निकले




मुजफ्फरपुर–नरकटियागंज रेलखंड पर पूणे से श्रमिकों को बेतिया ले जा रही 01748 अप श्रमिक एक्सप्रेस का मोतिहारी स्टेशन के समीप चेनपुलिग कर ट्रेन में सवार 153 श्रमिक भाग निकले। घटना सोमवार की अलसुबह 3.50 बजे बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे सुरक्षा बल के कान खड़े हो गए। बापूधाम मोतिहारी स्टेशन के पोस्ट कमांडर अर्जुन कुमार सिंह ने फौरन इस घटना की जानकारी नगर थाने को दी।

सूचना मिलते ही नगर थाना के इंसपेक्टर सह थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से शहर के आसपास छापेमारी कर भागे सभी 153 श्रमिकों को पकड़ लिया। पकड़े गए श्रमिकों में 147 श्रमिक पूर्वी चंपारण के और 6 श्रमिक पूर्णिया के बताएं जाते हैं। पकड़े गए सभी श्रमिकों को बापूधाम स्टेशन पर लाया गया। वहां उनकी थर्मल स्क्रीनिग करने के बाद सुबह का नास्ता देकर बस से उनके संबंधित प्रखंड और जिला मुख्यालय को भेजा गया। बताया गया है कि श्रमिक स्पेशल ट्रेन बापूधाम मोतिहारी स्टेशन से रणथू गुजर रही थी। इसी क्रम में श्रमिकों ने चेनपुलिग कर ट्रेन को रोक दिया और भाग निकले।











Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830